<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04.11.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में चुनावी अभियान की शुरुआत की, गढ़वा और चाईबासा की जनसभाओं में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान।
- श्री मोदी ने झामुमो और कांग्रेस पर लगाया आदिवासियों को अपमानित करने का आरोप, कहा–भाजपा की सरकार बनते ही झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।
- इंडी गठबंधन का भी चुनाव प्रचार तेज, झामुमो के वरिष्ठ नेता हेमंत सोरेन ने कई चुनावी सभाओं को किया संबोधित, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कल मांडू और कांके क्षेत्र में जनसभाओं को करेंगे संबोधित।
- राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में ठंड ने दी दस्तक, 9 नवंबर तक कई जिलों में छाये रहेंगे बादल, मौसम विभाग ने तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का जताया पूर्वानुमान।
- रांची में आयोजित राज्यस्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में रांची बनी ओवरऑल चौंपियन, पश्चिमी सिंहभूम को दूसरा स्थान।

***************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज झारखंड में चुनावी अभियान की शुरुआतकी। उन्होंने गढ़वा और चाईबासा में दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया। चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में आदिवासियों को सशक्त बनाया है लेकिन हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने उन्हें अपमानित किया है।

उधर, गढ़वा में प्रधानमंत्री मोदी ने कथित तौर पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन की आलोचना की। श्री मोदी ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन ने भी प्रचार तेज कर दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज चाईबासा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। सिमडेगा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने एक साजिश के तहत हमारी सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं होने दिया। श्री सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता गांवों को सशक्त बनाने की रही है।

इधर, हजारीबाग में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झामुमो की वरिष्ठ नेता कल्पना सोरेन ने भाजपा पर सामाजिक विद्वेष फैलाने का आरोप लगाया।

***************

इधर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कल एक दिवसीय दौरे पर रांची आएंगे। श्री खरगे कल मांडू विधानसभा क्षेत्र के किसान मजदूर उच्च विद्यालय दाढ़ी मैदान और कांके विधानसभा के बुकरू फुटबॉल मैदान नगड़ी में जनसभा में भाग लेंगे।

***************

इस बीच कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पार्टी के मंत्रियों और विधायकों के पांच वर्ष के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और बीजेपी पर झारखण्ड विरोधी होने का आरोप लगाया।

***************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी औद्योगिक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों समेत अन्य संस्थानों को 13 और 20 नवंबर को मतदान के दिन कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देने का निर्देश दिया है। इनमें वैसे दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं। श्री कुमार ने इस सिलसिले में आज श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि आयोग की यह कोशिश है कि कोई भी मतदाता अपने मतदान से वंचित नहीं रहे।

श्री कुमार ने यह भी बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब 47 करोड़ 80 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 31 मामले दर्ज किये गये हैं।

***************

राज्य के संताल परगना इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ पर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर आज आंशिक सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बाघेल ने पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई आठ नवंबर को होगी।

***************

राज्य के संताल परगना इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ पर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर राज्य सरकार की याचिका पर आज आंशिक सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बाघेल ने पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई आठ नवंबर को होगी।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में ठंड ने दस्तक दे दी है। लोगों को सुबह और शाम में ठंड महसूस होने लगी है। रांची और जामताड़ा के अलावा राज्य के कई अन्य हिस्सों में आज कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र ने 9 नवंबर तक आसमान में बादल छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड और बढ़ेगी।

***************

रांची में आयोजित 11वीं झारखंड राज्य स्तरीय साइकलिंग प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। प्रतियोगिता में रांची की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी है जबकि दूसरे स्थान पर पश्चिम सिंहभूम की टीम रही। प्रतियोगिता के दौरान सीनियर, जूनियर, सब जूनियर और यूथ बालक–बालिकाओं के बीच स्पर्द्धाएं हुईं। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स खेलगांव में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कल हुआ था।

*******समाप्त*******